कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यातक के रूप में उभरा उत्तर प्रदेश : योगी

नोएडा में सेमीकॉन इंडिया समारोह का हुआ उद्घाटन | मुख्यमंत्री ने कहा, निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने के कारण ही अचीवर स्टेट का मिला दर्जा

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। सेमीकॉन इंडिया प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप सेमीकंडक्टर के उत्पादन, डिजाइन व टेक्नोलॉजी डवलपमेंट में भारत को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करेगा। यह कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का।

बुधवार को सेमीकॉन इंडिया के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि यूपी दुनिया में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यातक के रूप में उभरा है। सेमीकंडक्टर को अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रदेश में सेमीकंडक्टर नीतिः 2024 लागू की गई है। इस नीति में पूंजीगत सहायता, ब्याज उपादान, भूमि मूल्य, स्टांप, विद्युत शुल्क में छूट के प्रावधान किए गए हैं। इसी का नतीजा है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी ने अचीवर स्टेट का दर्जा हासिल किया है।

एक्सपो मार्ट में आयोजित समारोह में सीएम ने कहा कि यूपी वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन के इंजीनियर्स के हब के रूप में स्थापित हो रहा है। मीडिया टेक, ईआरएम, क्वॉलकॉम, एनएचपी, सिनॉप्सिस कैंडेंस जैसी प्रमुख कंपनियां यहां स्थापित हैं। इससे प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के लिए लाभ उठाने और सेमीकंडक्टर की डिजाइन में नवाचार को बढ़ावा देने के अवसर मिले हैं। इसी को देखते हुए यूपी में आईटी इंडस्ट्री को उद्योग का दर्जा दिया गया है, जिससे प्राधिकरणों के अधीन उद्योग भूमि को सस्ते दरों पर आईटी कंपनियों को दी जा सकें।



ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बुधवार को सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन समारोह में मौजूद पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी। -एजेंसी

तीन आयामी क्षमता से काम कर रहा देश : पीएम

समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर व विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ने वाला है। हम सेमीकंडक्टर से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी फोकस कर रहे हैं और हमारे पास तीन आयामी क्षमता भी है। पहली सुधारवादी सरकार, दूसरा तेजी से बढ़ रहे उत्पादन का आधार और तीसरा आकांक्षापूर्ण बाजार।

■ भारत ऐसा बाजार है, जो तकनीक के स्वाद को जानता है। दुनियाभर के सेमीकंडक्टर कंपनियों से उन्होंने कहा कि आपके लिए भी थ्री डी पावर सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का ऐसा बेस है, जो आपको कहीं और मिलना मुश्किल है।

450 से ज्यादा ऑनलाइन सेवाएं निवेश मित्र के जरिये संचालित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर की 27 सेक्टोरियल पॉलिसी लागू की गई हैं। यूपी एफडीआई फॉर्च्यून ग्लोबल-500 और फॉर्च्यून इंडिया-500 कंपनियों के लिए भी समर्पित नीति है। उद्यमियों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के जरिये 450 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं संचालित की जा रही हैं। निवेशकों की सहायता के लिए 100 उद्यमी मित्र तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में रेल और रोड का बड़ा नेटवर्क है।